प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 09.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार करेंगी प्रदान, तीन श्रेणियों– पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में दिए जाऐंगे सम्मान ।
2- केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण झारखंड दौरे पर पहुंचीं, 'पूर्वी भारतः विकसित भारत का विकास इंजन' पर कहा– राज्य में राजनीतिक भ्रष्टाचार के कारण विकास हो रहा प्रभावित।
3- प्रवर्त्तन निदेशालय, ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की पत्नी रीता लाल को पूछताछ के लिए बुलाया, कई बिंदुओं पर ईडी कर रही पूछताछ।
4- साहिबगंज के अवैध खनन मामले में ईडी ने रांची होटवार जेल के जमादार को फिर किया तलब, रांची के जमीन कारोबारी ने ईडी के समन के बाद की आत्महत्या।
5- रांची में खेली जा रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण का समापन आज, मेजबान झारखंड का मुकाबला होगा महाराष्ट्र से।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। पद्म पुरस्कार–देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं। इसमें तीन श्रेणियों में–पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सम्मान प्रदान किये जाते हैं। ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा सहित विभिन्न विषयों और गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं। पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। पिछले महीने 22 अप्रैल को राष्ट्रपति ने तीन पद्म विभूषण, आठ पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किये थे।

*********************

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण झारखंड दौरे पर पहुंचीं। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और बेहतर झारखण्ड के संयुक्त कार्यक्रम शामिल हुईं। पूर्वी भारत में निवेश की संभावनाओं को देखते हुए फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित 'पूर्वी भारतः विकसित भारत का विकास इंजन' विषय में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने विचार रखे। उन्होने कहा कि राज्य में खनिज संपदा के कारण मैन्युफैक्चरिंग स्टेट बनने की संभावना है। लेकिन यहां की राजनीतिक भ्रष्टाचार के कारण विकास नहीं हो पा रहा है। उन्होने कहा कि इस स्थिति में परिवर्तन के साथ ही बदलाव हो सकता है जिससे बेहतर झारखण्ड की उम्मीद की जा सकती है।

इस दौरान झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बेहतर झारखण्ड के लिए भयमुक्त वतावरण और इंफ्रस्ट्रक्चर की बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना जरुरी है।

*********************

प्रवर्त्तन निदेशालय, ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की पत्नी रीता लाल को समन जारी कर आज पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी इनसे कई बिंदुओं पर पूछताछ कर रही है। ईडी ने संजीव के बैंक खाते और संपत्ति की भी जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि जांच एजेंसी ने छह मई को संजीव, उनके नौकर जहांगीर आलम, करीबी ठेकेदार मुन्ना सिंह आदि के ठिकानों पर छापेमारी की थी। जांच एजेंसी अब 13 मई तक दोनों से पूछताछ करेगी।

*********************

स्वीप कार्यक्रम के तहत गढ़वा जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर समाहरणालय परिसर से रंका मोड़ तक रन फॉर वोट कार्यक्रम किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी सहित जिला प्रशासन के कर्मी, पुलिस के जवान और जिले के आम लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में चौपाल के माध्यम से अंतराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी प्रियंका कुमारी ने मतदाताओं से 13 मई को अधिक से अधिक मतदान करने और कराने की अपील की।

वहीं, चतरा लोक सभा सीट पर जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरा जोर लगाया जा रहा है। चतरा सीट पर मतदान 20 मई को होगा। निर्वाचन आयोग ने अबकी बार 80 पार के लक्ष्य को देखते हुए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है। जिले में चलाए जा रहे रात्रि चौपाल और स्वीप गतिविधियों की मॉनिटरिंग उपायुक्त स्वयं कर रहे हैं।

********************

लोहरदगा जिले के एसडीएम कार्यालय में आज पोस्टल बैलट के अंतिम दिन मीडिया कर्मियों ने पोस्टल बैलट के माध्यम से अपने मत का प्रयोग किया। इस दौरान पत्रकारों ने बताया कि चुनाव आयोग की यह पहल अच्छी है। मतदान के दिन समाचार संकलन की व्यस्तता के कारण पत्रकार ही अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित रह जाते थे।

********************

चतरा लोकसभा निर्वाचन में शामिल मतदान कर्मी और आवश्यक सेवाओं से जुड़े मतदाता 10 मई से 19 मई तक अपना मतदान डाक मतपत्र के जरिए करेंगे।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

साहिबगंज में बारह सौ पचास करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले के गवाहों को प्रभावित करने के आरोप में प्रवर्त्तन निदेशालय, ईडी ने रांची होटवार जेल के जमादार अवधेश कुमार को तलब किया है। अवधेश को 13 मई को सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए रांची ईडी दफ्तर बुलाया गया है। मालूम हो कि ईडी ने इससे पहले जनवरी में भी अवधेश को तलब किया था, लेकिन तब कैबिनेट के फैसले का हवाला देकर अवधेश ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। बाद में योगेंद्र तिवारी को मदद करने के मामले में अवधेश को निलंबित कर दिया गया था।

इधर सूचना मिली है कि रांची के लालपुर निवासी जमीन कारोबारी कृष्णकांत ने आत्महत्या कर ली। ईडी ने उन्हें भी पूछताछ के लिए समन भेजा था।

********************

रांची विश्वविद्यालय के कॉलेजों में इस नए सत्र में स्नातक के विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल 10 मई से खोल दिया जायेगा। पोर्टल 30 मई तक खुला रहेगा। सामान्य और ओबीसी के विद्यार्थियों के लिए शुल्क पांच सौ रुपये और एससी/एसटी विद्यार्थियों के लिए शुल्क चार सौ रुपये निर्धारित किया गया है।

********************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के सात अफसरों पर विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया है। इनमें तीन अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये हैं। सभी अधिकारियों पर उनके पदस्थापन काल में अलग–अलग मामलों पर गड़बड़ी करने के आरोप में कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को आरोपों की जांच के लिए जांच संचालन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। इस संबंध में कल कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- सरायकेला जिले के लेटेमदा रेलवे स्टेशन के पास बीते रात हटिया– हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर एक हाथी की कटकर मौत हो गई। घटना में रेल पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे घंटो रेल यातायात बाधित रहा।
- इस चुनाव में चतरा में रेल सेवा शुरू कराना सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों का प्रमुख चुनावी मुद्दा बन गया है। रेल के अलावा रोजगार, स्थानीय युवाओं को अवसर देने और जिले का औद्योगिक विकास भी मुद्दा है।
- जसीडीह थाना क्षेत्र के मालोडीह गांव में अवस्थित निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास से पुलिस ने कल 45 वर्षीया महिला का शव बरामद किया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

********************

रांची में खेली जा रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण का समापन आज होगा। मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित लीग के अंतिम दिन आज चार मैच खेले जायेंगे। अब तक खेले गये मैचों के बाद मेजबान झारखंड और हरियाणा के 14–14 अंक हैं, लेकिन गोल अंतर के कारण झारखंड की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। समापन मैच में हॉकी महाराष्ट्र और मेजबान हॉकी झारखंड के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा।

*******समाप्त*******